संख्या 84/त्रि0पंचा0निर्वा0–2015/2015–राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड, देहरादून की अधिसूचना संख्या 234/रा0नि0आ0अनु0–2/1909/2015, देहरादून, दिनांक 26.05.2015 के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2011 के पश्चात् विभिन्न कारणों से जनपद हरिद्वार में प्रधान, ग्राम पंचायत, सदस्य, ग्राम पंचायत एवं सदस्य, क्षेत्र पंचायत के रिक्त पदों, जो किसी न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हों, पर निर्वाचन/उप निर्वाचन शीघ्र कराया जाना है। अतः, मैं, एच0सी0 सेमवाल, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), हरिद्वार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये एतद्द्वारा निर्देश देता हूँ कि ऐसे सभी रिक्त प्रधान, ग्राम पंचायत, सदस्य, ग्राम पंचायत एवं सदस्य, क्षेत्र पंचायत के पदों/स्थानों का निर्वाचन निम्नानुसार विनिर्दिष्ट निम्नलिखित समय–सारिणी के अनुसार कराये जायेंगे :–

नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का दिनांक व समय	नाम निर्देशन पत्रों की जाँच का दिनांक व समय	नाम वापसी हेतु दिनांक व समय	निर्वाचन प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय	मतदान की दिनांक व समय	मतगणना का दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6
05.06.2015 एवं 06.06.2015 (पूर्वान्हः 10:00 बजे से अपरान्हः 17:00 बजे तक)	08.06.2015 (पूर्वान्हः 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)	09.06.2015 (पूर्वान्हः 10:00 बजे से अपरान्हः 13:00 बजे तक)	10.06.2015 (पूर्वान्हः 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)	17.06.2015 (पूर्वान्ह 8:00 बजे से अपरान्हः 17:00 बजे तक)	19.06.2015 (पूर्वान्हः 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)

उक्त उपनिर्वाचन (उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947) (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त एवं यथा संशोधित) {उत्तर प्रदेश पंचायत राज (सदस्यों, प्रधानों और उप–प्रधानों का निर्वाचन) नियमावली, 1994} एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त एवं यथा संशोधित) उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त एवं यथा संशोधित) तथा तद्धीन प्रख्यापित निर्वाचक नामावलियों के अनुसार इन निर्वाचनों में वही निर्वाचन–प्रक्रिया अपनाई जायेगी जो आयोग द्वारा निर्धारित एवं निर्देशित हैं इन पदों/स्थानों के विषय में नामांकन–पत्र दाखिल करने, उनकी जाँच, नाम वापसी तथा निर्वाचन प्रतीक चिन्ह आवंटित करने का कार्य, मतों की गणना एवं परिणाम की घोषणा क्षेत्र पंचायत के मुख्यालय (विकासखण्ड स्तर) पर की जायेगी।

एच0सी0 सेमवाल,
जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी,
(पंचायत), हरिद्वार।

कार्यालय, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी,पंचायत, हरिद्वार

विज्ञप्ति

29 मई, 2015 ई0

संख्या 85/त्रि0पंचा0निर्वा0–2015–राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड, देहरादून, अधिसूचना संख्या 234/रा0नि0आ0अनु0–2/1909/2015, देहरादून, दिनांक 26.05.2015 के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2011 के पश्चात् कतिपय ग्राम पंचायतों के सदस्य, ग्राम पंचायत एवं प्रधान, ग्राम पंचायत एवं सदस्य, क्षेत्र पंचायत के पदों/स्थानों पर नामांकन न होने के कारण अथवा अन्य कारणों से रिक्त रह गये ऐसे सभी पदों/स्थानों के निर्वाचन का कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। उक्त अधिसूचना के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के सम्बन्धित समस्त निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता दिनांक 26.05.2015 से दिनांक 19.06.2015 तक तत्काल प्रभाव से प्रभावी की जाती है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन, 2015 के रिक्त पदों की सूचना

क्र0 सं0	विकास खण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	पदनाम	प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक	आरक्षण की श्रेणी
1.	बहादराबाद	रसूलपुर मीठी बेरी	प्रधान	सम्पूर्ण ग्राम पंचायत	पि0जा0 महिला
		कटारपुर अलीपुर	ग्रा0 पं0 सदस्य	09	अनारक्षित
2.	लक्सर	रामपुर रायघटी	ग्रा0 पं0 सदस्य	04	अनु0 जा0
3.	नारसन	गाधारोणा	ग्रा0 पं0 सदस्य	12	सामान्य

बी0पी0 कोठारी,
सहायक आयुक्त/
सहा0 जिला निर्वाचन अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय हरिद्वार।

ह0 (अस्पष्ट)
मुख्य विकास अधिकारी,
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(पंचायत), हरिद्वार।

एच0सी0 सेमवाल,
जिला मजिस्ट्रेट/
जिला निर्वाचन अधिकारी
(पंचायत), हरिद्वार।

कार्यालय, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), देहरादून

विज्ञप्ति

29 मई, 2015 ई0

पत्रांक 135/त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वा0/2015–16–राज्य निर्वाचन आयोग, देहरादून की अधिसूचना संख्या–234/रा0नि0आ0 अनु0–2/1909/2015, दिनांक 26.05.2015 के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायत के सामान्य निर्वाचन, 2014 के पश्चात् विभिन्न कारणों से जनपद देहरादून में रिक्त प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत एवं सदस्य क्षेत्र पंचायत के रिक्त पदों पर जो किसी न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हों, पर उप निर्वाचन शीघ्र कराया जाना है। उक्त अधिसूचना के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग पत्र संख्या 235/रा0नि0आ0–2/1909/1201, दिनांक 26.05.2015 द्वारा जनपद के सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार सहिता, दिनांक 26.05.2015 से दिनांक 19.06.2014 तक तत्काल प्रभाव से प्रभावी की जाती है।

रविनाथ रमन,
जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी
(पंचायत), देहरादून।

कार्यालय, उत्तराखण्ड राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद्, उत्तराखण्ड, देहरादून

कार्यभार प्रमाण–पत्र

20 मई, 2015 ई0

संख्या 220/परिषद्–2806/2015–16–खेलकूद एवं युवा कल्याण अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–307/VI–2/2015–37(युवा कल्याण) 2001, दिनांक 15.05.2015 के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद् में उपाध्यक्ष नामित किये जाने के फलस्वरूप मेरे द्वारा आज दिनांक 20 मई, 2015 के पूर्वाह्न में उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद् के पद का कार्यभार/पदभार ग्रहण कर लिया है।

सुशील राठी,
उपाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद्,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 25 हिन्दी गजट/304–भाग 1–क–2015 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 20 जून, 2015 ई0 (ज्येष्ठ 30, 1937 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

06 मई, 2015 ई0

पत्रांक 252/न0पा0प0शिवा0/2015–2016–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर द्वारा अपनी सीमा अन्तर्गत या भविष्य में विस्तार होने वाली सीमा में नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) के अन्तर्गत अश्लील एवं आपत्तिजनक विज्ञापनों एवं पोस्टरों आदि के प्रदर्शन पर नियन्त्रण रखने हेतु दिनांक 18–12–2014 प्रस्तावित के द्वारा विज्ञापन शुल्क उपनियिम सर्वसम्मति से पारित कर निम्नानुसार तैयार किया गया है। उक्त विज्ञापन उपनियम के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/अन्य को किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह इस उपनियम के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर कार्यदिवस में अपनी लिखित शिकायत/आपत्ति/सुझाव, कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर में प्रस्तुत कर सकता है। इस अवधि के बाद प्रस्तुत शिकायत/आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विज्ञापन शुल्क उपनियम

1. यह उपनियम नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर अश्लील तथा आपत्तिजनक फिल्म या पोस्टरों आदि के प्रदर्शन पर नियन्त्रण नियमावली, 2014 कहलायेगी।
2. इन नियमों में विज्ञापन का अर्थ किसी भी स्थान पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किये गये सूचना पट्ट, पोस्टर, होर्डिंग, साईनबोर्ड, दिवारों आदि पर पेन्ट से लिखे गये या चौक से बनाये गये/लिखे गये एवं एक कट आउट, चलचित्र पर, केबिल द्वारा विज्ञानों से है, जो नगर पालिका परिषद् के क्षेत्र के अन्तर्गत हैं।
3. इमारत का तात्पर्य किसी भी प्रकार से बनाये गये ढाँचे से है, जो किसी भी मैटीरियल से बनाया गया हो।

4. कोई भी व्यक्ति नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर की सीमा अन्तर्गत किसी स्थान पर इमारत के किसी भाग पर या ढाँचे पर विज्ञापनार्थ किसी प्रकार का विज्ञापन, सूचना पट्ट, पोस्टर, बैनर या होर्डिंग आदि बिना नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर द्वारा नियुक्त पदाधिकारी की लिखित स्वीकृति प्राप्त किये बगैर नहीं लगायेगा।

5. उपरोक्त उपनियम निम्नांकित पर लागू नहीं होगाः–

(अ) ऐसा विज्ञापन जो सरकारी अथवा राष्ट्रीय कार्यों हेतु स्थानीय विकास योजनाओं हेतु शासकीय प्रतिनिधि द्वारा प्रदर्शन हेतु लगाये जायं।

(ब) ऐसे विज्ञापन या साईन बोर्ड, जो किसी स्थानीय व्यापारी/दुकानदार द्वारा अपनी दुकान या निवास पर अपने व्यवसाय के सम्बन्ध में लगाया गया हो।

(स) इसके अतिरिक्त किसी विशेष परिस्थितियों में निःशुल्क विज्ञापन लगाने के लिए अधिशासी अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

6. किसी भी विज्ञापन हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्र विज्ञापन के लिपि लेखा सहित दो प्रतियों के साथ नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर कार्यालय में देना होगा ताकि अनुमति देते समय अधिशासी अधिकारी विज्ञापन की विषय–भाषा आदि की जाँच करने के पश्चात् संस्तुति करेंगे कि विज्ञापन में किसी प्रकार की अश्लीलता या आपत्तिजनक भाषा या किसी समूह की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली बातें या सामुदायिक विष फैलाने वाली भाषा का प्रयोग तो नहीं किया गया है। इस प्रकार सन्तुष्ट हो जाने के बाद आवेदक को स्वीकृति प्रदान की जायेगी किन्तु अधिशासी अधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह जनहित में यदि आवश्यक समझें तो अनुमति दे या न दें अथवा किसी प्रतिबन्ध या शर्त के साथ अनुमति दें। ऐसी स्थिति में पीड़ित व्यक्ति अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर के सम्मुख एक सप्ताह के अन्दर अपनी याचिका प्रस्तुत कर सकता है। जिस पर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

इन उपनियमों में दी जाने वाली निगमन की अनुमति के लिए विज्ञापन शुल्क निम्न होगाः–

1.	1 फुट×1 फुट से 6 फुट×6 फुट तक साईज के होर्डिंग/बोर्ड	₹ 200	वार्षिक
2.	6 फुट×6 फुट से 12 फुट×10 फुट तक साईज के होर्डिंग/बोर्ड	₹ 400	वार्षिक
3.	12 फुट×10 फुट से 20 फुट×10 फुट तक साईज के होर्डिंग/बोर्ड	₹ 800	वार्षिक
4.	12 फुट×10 फुट से 40 फुट×10 फुट तक साईज के होर्डिंग/बोर्ड	₹ 1,500	वार्षिक
5.	विज्ञापन का इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले 20 फुट×20 फुट	₹ 2,000	वार्षिक
6.	दीवारों पर की जाने वाली पेन्टिंग विज्ञापन प्रति वर्ग मी0	₹ 20	प्रति माह

7.	बिजली/टेलीफोन के खम्बों पर 2×2 फुट तक होर्डिंग/बोर्ड प्रति पोल	₹	10	प्रति माह
8.	बैनर कपड़े का (प्रति बैनर)	₹	100	प्रति माह
9.	लकड़ी/लोहे के पाईप से सार्वजनिक सड़क पर गेट बनाने/लगाने हेतु व्यापारिक दृष्टि से	₹	250	प्रति गेट प्रति दिन
10.	अन्य विज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड	₹	2,000	प्रति विज्ञापन
11.	बैलून/गुब्बारे पर विज्ञापन प्रतिदिन	₹	100	प्रति दिन

प्रतिबन्ध यह है कि कुम्भ मेला अथवा अर्धकुम्भ मेला पड़ने वाले वर्ष में विज्ञापन शुल्क दो गुना होगा।

प्रतिबन्ध यह भी है कि कम से कम 25 विज्ञापनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले की आज्ञा दी जायेगी। जिसका शुल्क अग्रिम जमा करना होगा।

8. नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, अधिशासी अधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि इन उपविधियों का उल्लंघन करके यदि कोई विज्ञापन कहीं पर लगा दिया गया हो तो उसे हटा सकते हैं और उसे हटाने में हुए व्यय को विज्ञापन मालिक या एजेण्ट से वसूल कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति व्यय शुल्क जमा न करें अथवा विज्ञापन हटवाने के एक माह के अन्दर होर्डिंग वापस करने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत न करे तो विज्ञापन हटाने से एक माह बाद होर्डिंग/साईन बोर्ड आदि नीलाम करा सकते हैं।

9. उपनियमों के प्रयोजनार्थ व्यक्ति, व्यक्तियों, कम्पनी या फर्म के मालिकों, प्रबन्धकों, एजेण्टों या उनके कारिन्दों, जिनके द्वारा कोई विज्ञापन इन उपविधियों का उल्लंघन करते हुए लगाया या लगवाया गया हो, दोषी समझा जायेगा तथा दण्ड का भागी होगा।

10. नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात् सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक कार्य सम्बन्धी विज्ञापन निःशुल्क प्रदर्शित किये जा सकेंगे।

11. नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर बोर्ड उपरोक्त विज्ञापनों का वार्षिक ठेका भी करा सकती है, जिसके लिए फर्मों/व्यक्तियों/ऐजेण्टों से कोटेशन अथवा बोली ले सकती है किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि ठेका लेने वाले व्यक्ति/फर्म को उपरोक्त सभी शर्तों का पूर्ण पालन करना होगा। शर्तों का उल्लंघन करने की दशा में ठेका निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर/अग्रिम रूप में जमा धनराशि को जब्त किया जा सकता है।

12. नगर पालिका परिषद, शिवालिक नगर बोर्ड के पास उपरोक्त उपविधियों के अन्तर्गत प्रत्यक्ष परिस्थितियों के आधार पर शर्तों एवं नियमों के अनुसार ठेका निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

दण्ड

उपरोक्त उपविधियों का उल्लंघन करके यदि कोई फर्म/ठेकेदार/व्यक्ति द्वारा किसी पोस्टर/होर्डिंग अथवा उपरोक्त कोई भी विज्ञापन कहीं पर लगा दिया जाता है तो नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर उक्त विज्ञापन के हटाने के साथ ही उससे विज्ञापन का किराया सहित प्रथम दण्ड के रूप में विज्ञापन किराये के 05 गुना आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा, दूसरी बार उक्त अपराध उल्लंघन करने पर आर्थिक दण्ड के रूप में किराये के 10 गुना शुल्क भू–राजस्व की भाँति वसूल किया जायेगा।

एलम दास,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार।

कृष्ण कुमार मिश्र,
प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

06 मई, 2015 ई0

पत्रांक 253/न0पा0प0शिवा0/2015–2016–नगरपालिका परिषद्, शिवालिक नगर सीमान्तर्गत उ0 प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298,(उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 128 के अन्तर्गत भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य या दोनों के वार्षिक मूल्य पर भवन/सम्पत्ति कर आरोपित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर द्वारा "सम्पत्ति/भवनकर उपविधि 2014–15" बनायी गयी है, जो नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पड़ने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव हेतु प्रकाशित की जा रही है।

अतः समाचार–पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर को प्रेषित की जा सकेगी। बादमियाद प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

"सम्पत्ति/भवनकर उपविधि 2014–15"

1. संक्षिप्त नाम प्रसार एवं प्रारम्भ–

(क) यह उपविधि नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर "सम्पत्ति/भवनकर उपविधि 2014–15" कहलायेगी।

(ख) यह उपविधि नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर की सीमा में प्रवृत्त होगी।

(ग) यह उपविधि नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर द्वारा प्रख्यापित तथा शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषाएँ–

किसी विषय या प्रसंग से कोई वादा प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में–

(क) "नगरपालिका" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, शिवालिक नगर से है;

(ख) "सीमा" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर की सीमाओं से है;

(ग) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर से है;

(घ) "अध्यक्ष" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर के अध्यक्ष/प्रशासक से है;

(ङ) "बोर्ड" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर के निर्वाचित अध्यक्ष/प्रशासक से हैं;

(च) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश, नगरपालिका अधिनियम, 1916 (उत्तराखण्ड में यथावृत्त प्रभावी) संशोधन से है;

(छ) "वार्षिक मूल्यांकन" का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 व धारा 141 के अन्तर्गत वार्षिक मूल्य से है;

(ज) "सम्पत्ति/भवनकर" का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 128 के अन्तर्गत भवनों या भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर से है;

(झ) "समिति" का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 104 के अन्तर्गत गठित समिति से है;

(ए) "भवन एवं भूमि" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद् सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है;

(फ) "स्वामी" का तात्पर्य भवन एवं भूमि के स्वामी से है;

(ब) "अध्यासी" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद् सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि पर किराये में रहने वाले व्यक्तियों से है।

3. वार्षिक मूल्यांकन–नगर पालिका परिषद सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि पर सम्पत्ति/भवनकर निर्धारण हेतु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 142(2) के अन्तर्गत कर निर्धारण के प्रयोजन के लिए नगरपालिका द्वारा समय–समय पर पारिश्रमिक सहित या रहित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों चाहें वे सदस्य हों, या न हों अथवा संस्था/एजेन्सी नियुक्त किया गया या किये गये व्यक्ति/संस्था/एजेन्सी, ऐसे प्रयोजन के लिए किसी सम्बद्ध सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं। सम्पत्ति/भवनकर निर्धारण हेतु नियमानुसार वार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा।

(क) रेलवे स्टेशनों, कॉलेजों, होटलों, कारखानों, वाणिज्यक भवनों और अन्य अनावासीय भवनों की दशा में भवन–निर्माण की वर्तमान अनुमानित लागत लो0नि0वि0 के प्रचलित सैड्यूल रेट और उससे अनुलग्न भूमि की अनुमानित मूल्य तत्समय प्रचलित सर्किल रेट को जोड़कर निकाली गयी धनराशि का 5 प्रतिशत से अनाधिक पर वार्षिक मूल्यांकन का आंकलन किया जायेगा।

(ख) खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाली किसी भवन या भूमि की दशा में, यथास्थिति भवन की दशा में प्रतिवर्ग फुट कारपेट क्षेत्रफल पर लागू न्यूनतम मासिक किराया दर या भूमि की दशा में प्रतिवर्ग फुट क्षेत्रफल से लागू न्यूनतम मासिक किराया भवन के कारपेट क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल से गुणा किये जाने पर आये 12 गुना मूल्य से है और इस प्रयोजना के लिए प्रतिवर्ग फुट मासिक किराया दर पर इस प्रकार होगी जैसे कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक दो वर्ष में एक बार भवन या भूमि की अवस्थित, भवन निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टॉम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियम सर्किल दर के आधार पर नियत किया जाये और ऐसे भवन या भूमि के लिये क्षेत्रफल में चालू न्यूनतम दर और अन्य कारक इस प्रकार होंगे जैसे निहित किये जायें।

(ग) खण्ड (क) (ख) के अन्तर्गत न आने वाले किसी भवन या भूमि की दशा में यथास्थित ऐसे आवासीय एवं अनावासीय (दुकानात), जो किराये पर उठाये गये हों, उनका वार्षिक मूल्यांकन शहर की प्रचलित बाजार दर अथवा उस क्षेत्र के लिए कलेक्टर द्वारा तत्समय किराये हेतु प्रचलित सर्किल रेट से जो भी अधिकतम हों, के अनुसार किराये के भवन के प्रतिवर्ग फिट या मीटर मासिक किराया दर पर निर्धारण करना होगा और मासिक किराये के 12 गुना पर वार्षिक मूल्यांकन निर्धारण हेतु किया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि जहाँ नगरपालिका का राय में असाधारण परिस्थितियों के कारण किसी भवन का वार्षिक मूल्य, यदि उपर्युक्त निधि से गणना की गयी हो, अत्यधिक हो, वहाँ नगरपालिका किसी भी कम धनराशि पर, जो उसे समयपूर्ण प्रतीत हो, वार्षिक मूल्य नियत कर सकती हैं।

1. वार्षिक मूल्य की गणना के प्रयोजन के लिये कारपेट क्षेत्र की गणना निम्नलिखित रूप से की जायेगी–

(i) कक्ष–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(ii) आच्छादित बरामदा–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(iii) बालकोनी, गलियारा, रसोई घर और मण्डार गृह–आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप,

(iv) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप,

(v) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल का अंग नहीं होगा।

2. उ0प्र0 शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के प्रयोजन के लिये किसी भवन मानक किराया या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक गणना करते समय हिसाब में नहीं लिया जायेगा।

3. सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु वार्षिक मूल्यांकन हेतु सर्वेक्षण निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक भवन एवं भूमि का मौका पर निरीक्षण करने के उपरान्त यथास्थित के अनुसार किया जायेगा।

4. भवन एवं भूमि के वार्षिक मूल्यांकन पर 10 प्रतिशत सम्पत्ति/भवन कर लिया जायेगा परन्तु निम्नलिखित भवन एवं भूमि अथवा उसके भाग निम्नानुसार कर से मुक्त रहेंगेः–

(क) मन्दिर, गुरूद्वारे, मस्जिद अथवा दूसरी धार्मिक संस्थाएँ, जो सार्वजनिक तथा रजिस्टर्ड ट्रस्ट या संस्था के अधीन हो परन्तु जो स्थान अथवा स्थानों के भाग से किराये या अन्य प्रकार से आय अर्जित की जाती हो, उन पर छूट के नियम लागू नहीं होंगे।

(ख) अनाथालय, स्कूल, छात्रावास, चिकित्सालय, धर्मशालाएँ तथा इस प्रकार से अन्य भवन तथा भूमि जो इस प्रकार की दान की संस्थाओं की सम्पत्तियों और उन्हीं संस्था द्वारा ऐसे कार्य करती हो।

(ग) नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर की समस्त सम्पत्तियाँ।

5. सम्पत्ति/भवनकर पर प्रत्येक वर्ष 01 अप्रैल से 31 दिसम्बर तक 20% की छूट प्रदान की जायेगी तथा 01 जनवरी से 31 मार्च तक जमा होने वाले गृहकर पर कोई छूट देय नहीं होगी तथा 31 मार्च के पश्चात् जमा होने वाले विगत वर्ष के गृहकर पर 05% अधिभार देय होगा।

6. कर निर्धारण सूचियों का प्रकाशन–भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन पर सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 141 के अधीन तैयार की गयी सूचियों का प्रकाशन जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं निरीक्षण के लिए नगरपालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रदर्शित की जायेगी तथा समाचार–पत्र में इस आशय की सूचना प्रकाशित करते हुए अपील करनी होगी कि पंचवर्षीय गृह कर का निर्धारण किया जा चुका है, जिस किसी व्यक्ति अथवा भवन स्वामी या अध्यासी को कर निर्धारण सूची का अवलोकन एवं निरीक्षण करना हो, वे नगरपालिका कार्यालय में आकर कर निर्धारण सूचियों का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सकते हैं तथा प्रस्तावित कर निर्धारण की सूचना सम्बन्धित प्रत्येक भवन स्वामी को 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु दी जानी होगी और कर निर्धारण सूचियों में प्राप्त आपत्तियों को मोहल्लो/वार्ड द्वारा क्रम संख्या देते हुये आपत्ति एवं निस्तारण पंजिका में अंकित किया जायेगा।

7. आपत्तियों का निस्तारण–भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन अथवा कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 104 के अन्तर्गत गठित समिति अथवा समिति गठित न होने के फलस्वरूप अधिशासी अधिकारी द्वारा निम्न प्रकार किया जायेगाः–

   (i) प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई हेतु तिथि एवं समय नियत करते हुए आपत्तिकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित करनी होगी,

   (ii) आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति एवं निर्णय सम्बन्धित पत्रावली अथवा आपत्ति निस्तारण पंजिका में जस्टीफिकेशन के साथ दर्ज करनी होगी,

   (iii) शासनादेश सं0 2054/नौ–9–97–79ज/97, दिनांक 28.06.1997 द्वारा वार्षिक मूल्यांकन एवं कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई और निस्तारण दिये गये निर्देशानुसार दी जायेगी।

8. कर निर्धारण सूचियों का अभिप्रमाणीकरण और अभिरक्षा–

   (क) अधिशासी अधिकारी या इस निमित प्राधिकृत अधिकारी, यथास्थिति, नगरपालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करेगा।

   (ख) इस प्रकार से अभिप्रमाणित सूची को नगरपालिका कार्यालय में जमा किया जायेगा।

   (ग) जैसे ही सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सूची इस प्रकार से जमा कर दी जाये, वैसे ही निरीक्षकरण हेतु खुले होने के लिये सार्वजनिक सूचना द्वारा घोषणा की जायेगी।

   (घ) कर निर्धारण सूचियों में उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही होने के उपरान्त सम्पत्ति/भवन कर माँग एवं वसूली पंजिका में अन्तिम रूप से सूची दर्ज करते हुये नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 166 के अन्तर्गत दावों की वसूली हेतु अग्रेतर कार्यवाही शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशानुसार करनी होगी।

9. कोई भी व्यक्ति किसी समय भवनों की कर निर्धारण सूची पर अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करा सकता है और जिस समय तक आवेदन–पत्र को अस्वीकार करने का काफी कारण ना हो, उसका नाम दर्ज कर लिया जायेगा, अस्वीकृति का कारण लिख दिया जायेगा।

10. जब इस बात में शक हो कि भवन या भूमि पर की, जिसका नाम स्वामी के रूप में दर्ज किया जाये तो बोर्ड या समिति या वह अधिकारी, जिसकी बोर्ड ने उत्तर प्रदेश नगरपालिका ऐक्ट, 1916 की धारा 143 (3) के अधीन अधिकार दिया हो, यह तय करेगा कि किसका नाम स्वामी के तौर पर दर्ज होना चाहिए। इसका निश्चित उस समय तक लागू रहेगा, जब तक सशक्त न्यायालय उसको रद्द न कर दे।

11. (1) अगर किसी ऐसे भवन या भूमि के स्वामी होने का अधिकार, जिस पर कर लागू हो, हस्तान्तरित किया जाये तो अधिकार हस्तान्तरित करने वाला या जिसको हस्तान्तरित किया जाये, वह यदि कोई दस्तावेज न लिखी गयी हो तो अधिकार लेने की तिथि से और लिखी गयी हो तो दस्तावेज लिखे जाने या रजिस्ट्री होने या हस्तान्तरित होने की तिथि से तीन माह के अन्दर हस्तान्तरित होने की सूचना अध्यक्ष को अथवा अधिशासी अधिकारी को देगा।

(2) किसी ऐसे भवन या भूमि का स्वामी, जिस पर कर लागू है, की मृत्यु के पश्चात् उसका उत्तराधिकार या जो जायदाद का स्वामी हो, इसी प्रकार स्वामी होने से तीन माह के अन्दर सूचना देगा।

12. (1) सूचना में जिसका विवरण पहले दिया गया है, उक्त नियम में उल्लिखित सभी विवरण सफाई से और ठीक तौर से दिये जायेंगे।

(2) हर ऐसा व्यक्ति जिसको जायदाद हस्तान्तरित की गयी हो, अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दस्तावेज (अगर लिखी गयी है) या उसकी एक प्रतिलिपि जो इण्डियन रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1877 ई0 के अनुसार ली गयी हो, पेश करेगा।

13. उत्तर प्रदेश नगरपालिका ऐक्ट, 1916 की धारा 151(2) के अधीन कर की थोड़ी माफी या ऐसी माफी के लिए भवन का स्वामी, जिसमें कई किरायेदार रहते हों, भवन पर कर लागू करने के समय बोर्ड से प्रार्थना कर सकता है कि तमाम भवन का कर लागू करने के अलावा हर इस भाग का वार्षिक मूल्य अलग–अलग एक नोट में दर्ज किया जाये और जब कोई भाग, जिसका वार्षिक मूल्य अलग दर्ज हो गया है, या किराये के नब्बे दिन या इससे अधिक समय के लिये किसी साल में खाली रहा हो तो कुल भवन के कर का वह हिस्सा माफ किया जाये जो कि उक्त ऐक्ट की धारा 151(1) के अधीन वापस या माफ किया जाता, यदि भवन के भाग पर अलग कर लागू किया होगा।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, नगरपालिका एतद्द्वारा निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधि उल्लंघन करने के लिये अर्थदण्ड ₹ 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकता है और यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहा हो तो प्रथम दोषसिद्धी के दिनांक से ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जिनके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है, जो ₹ 100.00 (एक सौ रुपये मात्र) प्रतिदिन तक हो सकता है।

एलम दास,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, (हरिद्वार)।

बीर सिंह बुदियाल,
प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, (हरिद्वार)।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार

उपनियम भवन मानचित्र

01 जून, 2015 ई0

पत्रांक 277/गजट प्रकाशन/2015–संयुक्त प्रान्त नगर पालिका परिषद् ऐक्ट, 1916 की धारा 298 (2) के अधीन अपने अधिकारों का प्रयोग करके, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार ने अपने प्रभावी क्षेत्र में लागू करने के लिए भवन निर्माण उपनियम बनाये हैं।

यह उपनियम सरकारी गजट में प्रकाशन के तुरन्त पश्चात् लागू समझे जायेंगे।

उपनियम

1. कोई व्यक्ति नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार की सीमा के अन्दर पक्का या कच्चा भवन (मकान) बिना नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार की पूर्व स्वीकृति के नहीं बना सकता और न ही परिवर्तन कर सकेगा और न ही पुनः निर्माण कर सकेगा।

2. नक्शा स्वीकृति हेतु निम्न शुल्क देय होगाः–

   (अ) नक्शा आवासीय निर्माण हेतु ₹ 1.00 (एक रुपया मात्र) प्रति वर्ग फुट,

   (ब) नक्शा व्यवसायिक निर्माण हेतु ₹ 3.00 (तीन रुपये मात्र) प्रति वर्ग फुट।

3. नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करने होंगेः–

   (क) विक्रय–पत्र/रजिस्टर्ड दान–पत्र/रजिस्टर्ड वसीयत या राज्य सरकार/मा0 न्यायालय द्वारा भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।

   (ख) नक्शा जैसा कि उपनियम में वर्णित है।

   (ग) फीस प्रोजेक्शन नक्शा, यदि कोई हो।

   नोटः–यदि नक्शा अस्वीकृत कर दिया गया तो फीस शुल्क वापिस न होगा।

   (घ) नक्शा 10 फुट बराबर 01" इंच के बराबर से बनाया जायेगा। जो कि नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार से मान्यता प्राप्त ड्राफ्ट्समैन (वास्तुविद) से बनवाया जायेगा। भवन मानचित्र, भूकम्परोधी एवं जलसंग्रहण का प्रबन्ध होना अनिवार्य होगा।

   (ङ) ड्राफ्ट्समैन (वास्तुविद), नगरपालिका परिषद्, शिवालिक नगर, जनपद हरिद्वार द्वारा लाइसेन्स प्राप्त करेगा, जिसके लिए वार्षिक शुल्क ₹ 5,000.00 होगा। लाइसेन्स वित्तीय वर्ष में कभी भी लिया जा सकता हैं शुल्क पूरे वर्ष का जमा करना होगा लाइसेन्स अधिशासी अधिकारी द्वारा दिया जायेगा।

नोटः—कच्चे भवन (मिट्टी अथवा घास–फूस से निर्मित मकान) के लिए ड्राफ्ट्समैन (वास्तुविद) से नक्शा बनवाया जाना आवश्यक नहीं होगा, केवल नजरी नक्शा ही मान्य होगा।

(1) भवन की स्थिति सीमाएं मय मालिकों के नाम व पता के साथ बिजली के खम्बों, तारों इत्यादि की स्थिति तथा निकटवर्ती सड़क की स्थिति तथा नाम।

(2) नालों, शौचालय तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें स्पष्ट दिखाई जायेगी।

(3) भूमि स्थान (लेवल) मंजिलों के स्थल तथा निकटवर्ती भवनों तथा खाली जगहों का विवरण।

(4) विद्युत लाइन के नीचे कोई भी मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

(5) पवित्र स्थल से सम्बन्धित भवन के प्लॉन में 200 गज के अन्दर के सब धार्मिक भवन जैसे मन्दिर, मस्जिद आदि। धार्मिक स्थलों का मानचित्र जिलाधिकारी की अनुमति के उपरान्त ही स्वीकृत किया जा सकेगा।

(6) भवन किस लिए बनाया जा रहा है। इसका स्पष्ट उल्लेख करें (आवासीय/व्यवसायिक)।

(7) भवन का क्षेत्रफल क्या है।

(8) खिड़की, दरवाजें, रोशनदान आदि जो भवन में लगाये गये हैं, उनकी माप प्रत्येक कमरे एवं स्टोर (मंजिल) वार।

(9) भवन की छत के साथ सड़क की बाहरी और कोई छज्जा नहीं निकाला जायेगा।

(10) भवन के साथ कोई सड़क, गली तो सम्बन्धित नहीं है।

(11) भवन निर्माण की दिशाओं का विवरण।

4. प्रत्येक भवन (बिल्डिंग) में ऊपरी मंजिल, कमरों, छज्जों तथा छतों का वर्षा या अन्य प्रकार का पानी नीचे लाने हेतु पाईपों का प्रयोग अनिवार्य होगा, यह पाईप नीचे नाली से 06 इन्च की ऊँचाई से ज्यादा नहीं रहेगा तथा नाली (गटर) होना जरूरी है।

5. प्रत्येक निर्माणार्थ प्रस्तावित भवन (बिल्डिंग) के किसी भाग के ऊपर से या उसके बिल्कुल निकट से यदि बिजली का तार गुजरता है तो उस अवस्था में भवन निर्माण की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। जब तक कि भारतीय विद्युत अधिनियम के नियमों के अन्तर्गत तारों को वहां से हटा न दिया जाये अथवा उसकी रक्षार्थ कोई कार्य न कर दिया जाये।

6. यदि निर्माण भवन (बिल्डिंग) मनुष्यों के रहने हेतु निर्माण किया जा रहा है अथवा उसके किसी भाग में मनुष्यों के निवास की आवश्यकता पड़े तो ऐसी दशा में भवन (बिल्डिंग) में एक या उससे अधिक शौचालय का इन्तजाम किया जायेगा।

7. शौचालय, मूत्रालय अथवा अन्य गन्दा पानी का गड्ढा, रसोई घर व रहने वाले कमरे से 15 फुट की दूरी पर बनाया जायेगा।

8. किसी शौचालय, मूत्रालय का दरवाजा सड़क की ओर नहीं रखा जायेगा।

9. रसोई घर की चिमनी रिहायशी मकानों की बन्द न करें, इसलिये सबसे ऊपरी छत पर निकाली जायेगी।

10. सभी आवासीय भवनों का यदि क्षेत्रफल 100 वर्ग गज से अधिक न हो तो एक चौथाई स्थान खाली छोड़ा जायेगा, इस पर छत नहीं डाली जायेगी और ऐसी अवस्था में जब क्षेत्रफल 100 वर्ग गज से अधिक हो तो एक तिहाई स्थान खाली छोड़ा जायेगा अर्थात् इस पर छतदार मकान नहीं बनाया जायेगा।

11. भवन में रोशनदान और खिड़की का यथासम्भव प्रबन्ध किया जायेगा, लेकिन इस कारण से किसी पड़ोसी की भूमि को नहीं दबाया जा सकता और खिड़की पड़ोसी की अनुमति से ही तथा 06 फुट से ऊपर रोशनदान हर हालत में बनाया जा सकता है।

12. मकान का चबूतरा सड़क से कम से कम 01 फूट ऊँचा होगा किसी भी अवस्था में इससे नीचे मकान के निर्माण की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

13. किसी भी हालत में प्रथम मंजिल 12 फुट और दूसरी मंजिल 10 फुट से कम नहीं होगी, ऊँचाई का अर्थ फर्श से छत की निचली सतह के बीच की ऊँचाई से है।

14. सामान्य तथा 04 मंजिल तक का भवन (बिल्डिंग) के नक्शे कमेटी पास कर सकती हैं, जिसकी ऊँचाई 40 फुट से ज्यादा न हो, इससे ऊँची बिल्डिंग (भवन) की अनुमति अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग की सिफारिश पर ही कमेटी दे सकती है।

उपरोक्त के साथ प्रबन्ध यह है कि यदि सड़क नालों को मिलाकर 15 फुट से 30 फुट के बीच है तो तीन मंजिल की अनुमति प्रदान की जा सकती है। 30 फुट से अधिक चौड़ी सड़क पर 04 मंजिल की आज्ञा दी जायेगी।

यदि कोई भवन दो या इससे अधिक गलियों से मिला हो तो मकान की सबसे चौड़ी सड़क पर ही स्थित माना जायेगा और दरवाजा चौड़ी सड़क पर ही लगाया जायेगा।

15. (अ) कमरे कम से कम 80 वर्ग फुट क्षेत्रफल का होगा और चौड़ाई कम से कम 08 फुट की होगी।

(ब) कमरे के दरवाजों तथा अन्य रोशनदान आदि का क्षेत्रफल कमरे से क्षेत्रफल का कम से कम 1/10 होगा तथा यह सीधे बाहर की हवा से मिले होंगे।

16. यदि यह आवश्यक हो जाये कि कोई ऐसी खिड़की दरवाजा या अन्य रोशनदान इस तरफ खोला जाये अथवा अन्य कारण से आवश्यक एवं अपरिवर्तनीय है कि जिस तरफ प्रार्थी की जमीन नहीं है तो ऐसी दशा में यह आवश्यक होगा कि प्रार्थी कम से कम 03 फुट जमीन अपनी भूमि में से उस तरफ अपने दरवाजे और खिड़की और रोशनदानों के लिये छोड़ेगा।

17. यदि नई आबादी बसाई गई तो उनके मकानों को दो लाइनों के बीच का फासला कम से कम 12 फुट होना चाहिये :

(अ) उपरोक्त के अधीन निर्माण कमेटी की रिपोर्ट आने पर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, शिवालिक नगर, हरिद्वार, उस पर विचार करेंगे और आदेश करेंगे, जो आज्ञा या अनुज्ञा समझी जायेगी, जिसकी एक प्रतिलिपि मय नक्शे के आवेदनकर्ता को दी जायेगी। यदि नक्शे में कोई संशोधन किया जायेगा तो वह लाल स्याही से किया जायेगा, जिसके अनुरूप ही आवेदनकर्ता अपना भवन निर्माण कर सकता है।

(ब) नव निर्माण की आज्ञा एक वर्ष तक लागू समझी जायेगी। यदि कोई व्यक्ति एक वर्ष बाद निर्माण करना चाहे तो उसका पुनः अनुमति लेनी होगी।

(स) भवन से सम्बन्धित पत्रावली बीस वर्ष तक रखी जायेगी। समय व्यतीत होने पर नष्ट कर दी जायेगी।

दण्ड

यू0पी0 म्युनिसिपैलिटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 185 व 198(1) के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके कमेटी निर्देश करती है कि व्यक्ति, जो उपरोक्त उपनियमों के विपरीत चलेगा या चलाने में प्रोत्साहन देगा या कमेटी द्वारा दिये गये निर्देश से विपरीत चलेगा उस पर तीन हजार रुपये तक का अर्थदण्ड दिया जा सकता है, यदि अपराध लगातार जारी रहा तो प्रथम अपराध प्रमाणित होने के दिनांक से जब तक अपराध होना जारी रहे, अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जायेगा। जो ₹ 100.00 प्रतिदिन कम से कम हो सकता है तथा तीन माह का कारावास भी हो सकता है।

एलम दास,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, हरिद्वार।

बीर सिंह बुदियाल,
प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट,
नगर पालिका परिषद्,
शिवालिक नगर, हरिद्वार।

कार्यालय, नगर पंचायत, दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)

01 अप्रैल, 2015 ई0

पत्रांक 627/सूचना/2015–16

उपविधियां

1. परिभाषा–

किसी बात के प्रसंग में प्रतिकूल न होने पर–

(1) यह उपविधि नगर पंचायत, दिनेशपुर की सीमान्तर्गत भवन निर्माण/पुनर्निर्माण/परिवर्तन के विनियमन हेतु उपविधि कहलायेगी।

(2) "प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत, दिनेशपुर के प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है।

(3) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत, दिनेशपुर के अधिशासी अधिकारी से है।

(4) "सीमा" से तात्पर्य नगर पंचायत, दिनेशपुर की उत्तर प्रदेश सरकार शहरी विकास अनुभाग–1, सं0 5181(1)टी/9–1–1983–26टी 79 लखनऊ, 10 सितम्बर, 1984 में घोषित सीमा से है।

(5) "निकाय" से तात्पर्य नगर पंचायत, दिनेशपुर से है।

(6) यह उपविधि सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

2. नगर पंचायत, दिनेशपुर, जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 178 की उपधारा (2) के अभिदेश के अनुसार यह चाहती है कि निकाय की सीमान्तर्गत प्रत्येक प्रकार के भवन निर्माण की सूचना निम्न उपनियमों के अधीन निकाय को दी जाये।

3. भवन निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मुख्य परिवर्तन के विचार की सूचना निम्नलिखित उपनियमों के अनुसार दी जायेगी, मानचित्र को डिग्री/डिप्लोमाधारी इंजीनियर, जिसका प्रदेश में पंजीकरण हो तथा सचिव उत्तराखण्ड शासन आवास विकास द्वारा जारी शासनादेश संख्या 2269/ट/आ0–2007–55(आ0)/2006 टी0सी0, दिनांक 06 नवम्बर, 2007 (समय–समय पर संशोधित) में निर्धारित मानकों का पालन करते हुए मानचित्र तैयार किया जायेगा।

4. 1 मीटर के बराबर 1 सेन्टीमीटर पैमाने में मानचित्र तैयार किया जायेगा, जिसमें भवन की स्थिति तथा चित्रों के साथ तत्सम्बन्धी भवन का उत्तरी बिन्दु स्पष्ट रूप से दिखाया जायेगा, मानचित्र पर प्रार्थी के हस्ताक्षर होंगे। इस मानिचत्र में वह पूर्ण विवरण होगा, जिसमें निकाय प्रस्तावित भवन की उपयुक्तता पर विचार कर सकें। मानचित्र में निम्नलिखित विवरण विशेष रूप से दिखाये जाने चाहिए–

(A) प्रस्तावित भवन को उससे मिलने वाली सड़कों, गलियों, दूसरे भवनों तथा जायदाद से सम्बन्धित स्थिति तथा मोहल्ला लिखना चाहिए, उसमें मिलने वाली गलियों और सड़कों की चौड़ाई भी लिखनी चाहिए, ऐसी दशा में जबकि सड़कों तथा गलियों की चौड़ाई एक सी न हो तो कम से कम चौड़ाई भी लिखनी चाहिए।

(B) समस्त कुओं, पानी की पाईप लाइनों, शौचालयों तथा अन्य सफाई व्यवस्थाओं की स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई जाये।

(C) मानचित्र में निम्नलिखित बातें भी दिखाई जायें:–

(i) गृह, तालाब, भवन की स्थिति से सम्बन्धित सड़क या जायदाद और खाली पड़े स्थान।

(ii) पहली या ऊपरी सतह तथा प्रत्येक अतिरिक्त सतह।

(iii) मकान के मुख्य अगले भाग की कुर्सी।

(D) मानचित्र में समस्त नये काम प्रथम रंगों से दिखाई जाये और इनमें प्रयोगित रंगों की तालिका भी मानचित्र में होनी चाहिए।

(E) किसी भी भवन में संडास अथवा खुला शौचालय बनाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5. कोई शौचालय सार्वजनिक सड़क की ओर नहीं खुलने दिया जायेगा, जब तक कि 1.50 मीटर ऊँचा अतिरिक्त दरवाजा या 1.5 मीटर ऊँची दीवार इस स्थिति के साथ न बनाई जाये कि अतिरिक्त दरवाजा या दीवार द्वारा शौचालय से पर्दा न किया हो।

6. प्रत्येक शौचालय व मूत्रालय का फर्श जो पक्के मकान से सम्बन्धित हो, वह बिना चमकदार पालिश की हुई टॉयलों, पत्थरों, प्लेटों, पक्का सीमेन्ट, प्लास्टर अथवा न घुलने वाले मसाले से, जिनकी मोटाई 2 सेन्टीमीटर से कम न हो, नहीं बनाया जायेगा।

7. पक्के मकानों की नालियाँ, जिनमें होकर मकान का गन्दा पानी जाता है, वह पक्के मिट्टी के अथवा अर्द्धगोलाकार बर्तन से व सीमेन्ट से प्लॉस्टर की हुई ईंटों से बनाई जायेगी।

8. तंग गलियों में पक्के मकानों की खासी परनाले होंगे, या लोहे के परनाले या निचले नलों के परनाले होंगे, जिसमें बन्द होकर छत, छज्जों या अन्य प्रक्षेपणों का पानी निकाला जावे। लोहे के बन्द परनाले या निचले नल मजबूती के साथ लगवाये जायेंगे। जिसके निचले भाग में कोहनी होगी। चौड़ी सड़कों में उस सड़क पर प्रत्येक परनाले के नीचे पत्थर की शिला डाली जायेगी।

9. धारा 181 के संदर्भ में उल्लेखनीय अनुमति का कार्यकाल 01 वर्ष होगा तथा प्राप्त स्वीकृति की अवधि समाप्ति के पश्चात् कार्य नहीं किया जायेगा। जब तक दोबारा स्वीकृति के लिए आवेदन न किया गया हो।

10. स्वीकृति चाहने वाले कार्यों का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी या निकाय द्वारा अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय किसी कार्य को जबकि उसका निर्माण किया जा रहा हो अथवा यह सूचना कि कार्य पूरा हो चुका है, प्राप्त होने के एक महीने के अन्दर अथवा ऐसी सूचना न प्राप्त होने पर कार्य की समाप्ति के पश्चात् किसी क्षण भी निरीक्षण कर सकता है।

11. मानव निवास के लिए बनाया हुआ अथवा मानव निवास में प्रयुक्त होने वाले कमरे कम से कम 02 हवादार खिड़कियां होंगी, जिनका पूरा क्षेत्रफल 10 वर्गमीटर से कम नहीं होगा।

12. जबकि मकान मानव निवास के काम आता हो तो उसकी भूमि के तिहाई क्षेत्रफल से अधिक पर मकान नहीं बनाया जायेगा किन्तु दो मंजिले मकान पर यह प्रतिबन्ध लागू न होगा।

13. मकान की कुर्सी का सबसे निचला भाग सामने वाली सड़क के सबसे ऊँचे बिन्दु से कम से कम 40 सेन्टीमीटर ऊँचा होगा और उसकी स्वीकृति देने वाले अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार पानी बाहर जाने का प्रबन्ध होगा।

14. किसी सड़क, गली, गलियारे या मुहाने से भवन का अगला स्थान पूरी लम्बाई से कम से कम 1.25 मीटर खुला होगा। यदि वह सड़क, गलियां, गलियारे, किसी पार्क या विकास क्षेत्र को जाती हो तो वह स्थान 1.5 मीटर खुला होगा। इस स्थान पर सिवाये चबूतरा, मेहरा अथवा अन्य प्रक्षेपण के जो बाहरी हवा के लिए खुला रहे कुछ नहीं बनाया जायेगा।

15. निकाय के अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह नई स्वीकृति को रद्द कर सकता है, संशोधन कर सकता है। यदि यह ज्ञात हो जाये कि स्वीकृति धोखे अथवा मिथ्या कथन के फलस्वरूप हो गई थी, तो ऐसा किया गया कार्य बिना स्वीकृति के किया गया कार्य समझा जायेगा किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि स्वीकृति के रद्द करने अथवा संशोधन करने से पूर्व निकाय द्वारा सम्बद्ध पक्ष को सुनने के लिए उपयुक्त अवसर प्रदान करेगी।

16. (अ) कोई भी व्यक्ति भवन निर्माण, पुनर्निर्माण अथवा उसमें मुख्य परिवर्तन आदि का कार्य तब तक प्रारम्भ नहीं करेगा, जब तक कि धारा 178 के अनुसार सूचना न दी हो तथा निकाय द्वारा स्वीकृति प्राप्त न हुई हो व निम्न शुल्क नगर पंचायत के कार्यालय में जमा न कर दिया हो।

1. भवन का पुनर्निर्माण अथवा उसमें कोई परिवर्तन करने पर ₹ 15 प्रति वर्ग मीटर।

2. भूमि तल के बाद भवन निर्माण प्रति तल ₹ 22 प्रति वर्ग मीटर।

(ब) कोई भी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी व्यवसायिक/शैक्षिक/चिकित्सा संस्थागत एवं सामुदायिक सुविधायें/औद्योगिक एवं अन्य विधिक प्रकार के पुनर्निर्माण अथवा उसमें मुख्य परिवर्तन आदि का कार्य तब तक प्रारम्भ नहीं करेगा, जब तक कि धारा 178 के अनुसार सूचना न दी हो तथा निकाय द्वारा स्वीकृति प्राप्त न हुई हो व निम्न निर्धारित शुल्क नगर पंचायत में जमा न कर दिया हो।

(स) नव निर्माण जिसका तात्पर्य भवन निर्माण से है, में रजिस्ट्री की धनराशि का 2 प्रतिशत शुल्क विकास शुल्क के रूप में निकाय में जमा करना होगा। (ब) के अनुसार लागू रहेगा।

17. मनोरंजन के किसी स्थान के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में–

(क) निम्नलिखित की एक फर्लांग के अर्द्धव्यास में है :–

1. कोई आवासीय संस्था : जो किसी भी अभिज्ञात शिक्षा संस्था जैसे कॉलेज या लड़कियों के स्कूल से संलग्न हो या

2. कोई सार्वजनिक अस्पताल, जिसमें भर्ती होकर चिकित्सा कराने वाले रोगियों के लिए एक बड़ा कक्ष अथवा

3. कोई अनाथालय, जिसमें एक सौ या उससे अधिक व्यक्ति रहते हों, जो किसी घनी आबादी के ऐसे आवासीय क्षेत्र में हो, जो या तो केवल आवास के प्रयोजन के लिए हों अथवा व्यापारिक प्रयोजनों में से घनी आवासीय प्रयोजनों के लिए सुरक्षित हों या सामान्यतः प्रयुक्त होता हो या किसी ऐसे क्षेत्र में जो किसी विधि के अधीन किसी गृह निर्माण अथवा नियोजन की योजना द्वारा अन्य प्रकार के आवासीय प्रायोजनों के लिए सुरक्षित हो, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि चल–चित्रों के प्रदर्शनार्थ प्रयुक्त किये जाने के लिए अभिप्रेत किसी भवन के निर्माण की आज्ञा उस समय तक नहीं दी जायेगी, जब तक निकाय को यह समाधान न हो जाये कि नक्शें तथा इसकी प्रविष्टियों के सम्बन्ध में सिनेमा फोटोग्राफर ऐक्ट, 1916 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है।

18. निम्नलिखित शुल्क से मुक्त रहेंगें–

मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा (भवनों) का निर्माण इन से सम्बन्धित व्यवसायिक व अन्य धार्मिक स्थान व संस्थायें सम्मिलित नहीं होगीं।

दण्ड

धारा 299(1) म्यु0 ऐक्ट, 1916 नगर पंचायत, दिनेशपुर, ऊधमसिंह नगर, आदेश देती है कि इन उपनियमों के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड, जो ₹ 10,000.00 (रु0 दस हजार) तक होगा, दिया जायेगा। यदि उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त जुर्माने का दण्ड दिया जायेगा, जो पहले अपराध के दिनांक के पश्चात् ऐसे दिन के लिए, जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, ₹ 200.00 (रुपये दो सौ) प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड हो सकता है।

संजीव मेहरोत्रा,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, दिनेशपुर,
ऊधमसिंह नगर।

कावल सिंह,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, दिनेशपुर,
ऊधमसिंह नगर।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 25 हिन्दी गजट/304–भाग 8–2015 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।